तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025



02 परसदा दशहरा में शामिल हुए विधायक...

04 सूर्योदय से पहले जागना और गुरु-माता-पिता...













## खबर संक्षेप

### अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बालोद।** अज्ञात कारणो से एक व्यक्ति ने अपने खेत में पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अरौद निवासी मनोज रावटे 50 वर्ष रात का खाना खाने के बाद घर से निकल गए थे। देर रात तक वापस घर नही आए। जिसके बाद सुबह घर वालो ने पता तलाश की लेकिन आस पास नही मिले। जिसके बाद सुबह खेत देखने गए कृषक को खेत के पेड़ मे फांसी में लटकता शव दिखा। जिसके बाद कृषक द्वारा इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणो को दी गई। जहां ग्रामीणों के पहुँचने पर उक्त व्यक्ति होने की जानकारी ग्रामीणों को हुई। जहां पुलिस के पहुंचने के बाद शव को फांसी के फंदे से उतारकर शव का पंचनामा किया गया और शव का पोस्टमार्डम करने के बाद शव को परिजनों को सौप दिया। वही उक्त व्यक्ति ने ऐसा कदम क्यो उठाया इसकी जांच में पुलिस जुटी है।

### फसल में छिड़काव की मशीन चोरी, जुर्म दर्ज

**बालोद।** खेत में रखे दवाई छिड़काव का काम आने वाले मशीन को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया। जिसके बाद किसान द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमें पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम नाहंदा थाना–गुण्डरदेही निवासी मानसिंह सोनकर ने पुलिस को बताया कि मेरा देवरी खार में सब्जी बाड़ी है, जिसमें मै फसल में दवाई छिड़काव करने का मशीन (पेट्रोल मशीन) को सब्जी बाड़ी में रखता था। 07 अक्टूबर को सुबह करीब 08 बजे अपने सब्जी बाड़ी में गया तो देखा कि दवाई छिड़काव करने का मशीन (पेट्रोल मशीन) नही था। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 06 अक्टूबर के रात्रि 08 बजे से 07 अक्टूबर को सुबह करीब 08 बजे के मध्य मेरे दवाई छिड़काव करने का मशीन (पेट्रोल मशीन) को मेरे सब्जी बाड़ी से उठाकर चोरी कर ले गया है।

### घर के बाहर खड़ी मोपेड चोरी

**बालोद।** घर के बाहर रखे मोपेड को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया जिसके बाद वाहन मालिक द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। टिकरापारा गुरूर निवासी महेश्वर सहरे ने पुलिस को बताया कि 09 अक्टूबर को रात्रि 09 बजे अपने घर बरामदा में अपनी मोपेड क्रमांक सीजी 24 डब्लू 2599 को खडी किया था, जिसे रात 11 बजे देखा तो खडी थी, सुबह 04 बजे उठकर देखा तो अपनी वाहन खडी जगह पर नहीं था, जिसे कोई अज्ञात चोर मेरे वाहन मोपेड क्रमांक सीजी 24 डब्लू 2599 को चोरी कर ले गया है।

### मोबाइल शॉप से दो आईफोन उड़ा ले गए बाइक सवार

**भिलाई।** सुपेला थाना अंतर्गत आकाशगंगा स्थित नवजोत मोबाइल गैलरी से तीन अज्ञात लड़के दो आईफोन उड़ा ले गए। आईफोन की कीमत 1.30 लाख रुपए आंकी गई है। मेहरबान सिंह की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मेहरबानी सिंह ने बताया कि उनके भाई धनवंत सिंह की दुकान है। उनका भाई किसी काम से नगर निगम गया हुआ था। तभी दो लड़के आए, उन्होंने आईफोन दिखाने कहा।

## सफलता : साइबर सेल और डॉग स्क्वाड की ममद से हुई आरोपियों गिरफ्तारी

# अंधे कत्ल व लूट के मामले में दो आरोपी हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ गहने लूटने की नीयत से दिया वारदात को अंजाम

अंधे कत्ल व लूट के मामले में बालोद पुलिस को सफलता मिली है। थाना रनचिरई क्षेत्र में लूट सहित हत्या का मामला सामने आया था। जिसमे थाना रनचिरई पुलिस ने 2 आरोपीयो को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से लूट की संपत्ति बरामद किया गया।



07 अक्टूबर को ग्राम पाउवारा थाना रनचिरई जिला बालोद निवासी ओमप्रकाश देशलहरे पिता गुलाली राम देशलहरे 50 वर्ष ने सूचना दिया कि इसकी ग्राम पाउवारा निवासी मां पुनवंतीन देशलहरे पति गुलाली राम देशलहरे 70 वर्ष जो अपने पुराने मकान में अकेली रहती थी, जो 7 अक्टूबर को सुबह सो कर नहीं उठने से उसके पडोसी द्वारा प्रार्थी को सूचना देने पर आकर देखे तो वह मृत हालत में खाट पर पड़ी हुई थी, जिसकी सूचना थाने में देने पर मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर शव पंचनामा कार्यवाह में लिया गया। शव परीक्षण पर मृतिका के कान में पहने हुए बाजारू टाप्स चेन वाले एवं चांदी का चेन को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा लूटने के नियत से लूट लिया एवं मृतिका के जान से मारने की नियत से उसके गले को दबाकर कर हत्या किये जाने पर धारा 331(8), 311, 103 (1) बीएनएस का कायम विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी रनचिरई के नेतृत्व में क्षेत्र में हुये हत्या के प्रकरण में अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु थाना रनचिरई एवं सायबर सेल का टीम गठित किया गया। घटना स्थल पर डॉग स्क्वाड, फिगर प्रिंट एक्सपर्ट एवं एफएसएल वैज्ञानिक अधिकारी द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान संदेहिया भुपेश चंदेल एवं विनोद दिवाकर से पुछताछ करने बताये कि दिपावली त्यौहार में पैसे की आवश्यकता होने पर 06 से 07 अक्टूबर के दरम्यानी रात 12:30 बजे लूट की नियत से मृतिका पुनवंतीन देशलहरे पति गुलाली राम देशलहरे 70 वर्ष के घर में पीछे बाड़ी तरफ से प्रवेश कर घर अंदर घुसकर कमरे में संपत्ति ढूंढ रहे थे। तभी मृतिका जाग जाने पर आरोपीयो द्वारा मृतिका मुंह एवं गला दबाकर हत्या कर दिये तथा मृतिका के कान में पहने बाजारू टाप्स चेन वाला एवं गले में पहने चांदी के चेन को लूट कर जिस रास्ते से आये थे। उसी रास्ते से भाग जाना बताये। आरोपीयों के मिमोरण्डम कथन के आधार पर लूट की संपत्ति बाजारू टाप्स चेन वाला एवं चांदी के चेन को आरोपीयों के घर से बरामद किया गया। आरोपीयों द्वारा अपराध धारा सदर का अपराध घटित करना स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु माननीय न्यायालय पेश किया गया।

पुलिस ने दो आरोपी ग्राम पाउबारा बस्ती पारा थाना रनचिरई जिला बालोद निवासी भुपेश चंदेल उर्फ लल्ला पिता फेरहा राम चंदेल 28 वर्ष व विनोद कुमार दिवाकर उर्फ चोटी पिता बलीरामं दिवाकर 32 वर्ष के कब्जे से बाजारू टाप्स चेन वाला एवं चांदी के चेन जब्त की है।

## युवक ने जान से मारने की धमकी दी, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** ग्राम के युवती का रिश्ता किसी अन्य युवक से तय होने से नाराज युवक ने युवती का फोटो स्टेट्स लगाने के साथ युवती के पिता व परिवार वालो के साथ गाली गलौज कर दिया। जिसके बाद युवती के पिता द्वारा गाली गलौज मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 296, 333, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम मनकी चौकी पिनकापार थाना देवरी निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि मेरी लडकी 23 साल की है, जिसकी विवाह हेतु ग्राम कन्हारपुरी से रिश्ता आया हुआ है। 9 अक्टूबर को मेरे गांव का लडका आकाश उर्फ किशन साहू ने मेरी लडकी का रिश्ता तय होने के बाद अपने मोबाईल के स्टेटस में मेरी लडकी का फोटो डालकर मेरी नहीं हो सकता वो किसी का नहीं हो सकता लिखकर अपने मोबाईल के स्टेटस में रखा था, जिससे मेरी लडकी की बदनामी होते देखकर मैं आकाश उर्फ किशन साहू को समझाया था, गांव के सरपंच, प्रेमलाल यादव, गांव के दया ठाकुर और तुला राम साहू लोग भी आकाश उर्फ किशन साहू को समझाये थे, उसके बाद भी वह नहीं समझा और रात्रि करीब 09 बजे मैं गांव के शीतला मंदिर के पास गया था, उसी समय आकाश उर्फ किशन साहू ने मुझे देखकर अपने सीना को ठोकते हुये मुझे गाली गलौच किया। उसके बाद मेरे होने वाले दामाद को मेरे सामने ही जान से मारूंगा कहकर धमकी दे रहा था, फिर भी मैं शांत रहा, उसके बाद 10 अक्टूबर के रात्रि करीब 08.30 बजे आकाश उर्फ किशन साहू ने जबरदस्ती मेरे घर अंदर घुंसकर मेरी लडकी को तू कहां हैं बाहर निकल कहकर गाली गलौच एवं मारपीट करने व जान से मारने की धमकी दिया है, आकाश उर्फ किशन साहू ने मेरी लडकी व मेरे होने वाले दामाद को जान से मारने की धमकी दिया है, जिससे हम लोग काफी डरे सहमें और भयभीत हैं।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** गांव के चौक में अन्य लोगो के साथ बैठे एक व्यक्ति को पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही एक व्यक्ति ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति द्वारा मारपीट करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम बघेली निवासी खिलेश्वर साहू ने पुलिस को बताया कि 09 अक्टूबर को रात्रि करीबन 09 बजे खाना खाकर मैं मेरे गांव के राकेश कुमार साहू, संजय कुमार ठेठवार, के साथ गांव के शिव मंदिर चौक के पास बैठे थे, आपस मे बात चीत कर रहे थे, कि करीबन रात्रि करीबन 11 बजे गांव का बलदेव ठेठवार हमारे पास आकर मुझे पुरानी रंजीश की बात को लेकर गाली गलौच देते हुए मुझे पकडकर जमीन में गिराकर घसीटते हुये हाथ थप्पड़ से मारपीट किया है। मारपीट से मुझे दाहिना गाल, नीचे होठ, दाहिने हाथ की उगलियां,बाये हाथ की कोहनी, दाहिने पैर घुटना मे चोट लगकर खून निकला था, दर्द हो रहा है। राकेश कुमार साहू, संजय कुमार ठेठवार, द्वारा बीच बचाव किये है।

## विद्युत तार की चपेट में आने से तीन भैंसों की दर्दनाक मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

यहां तीन भैंसें बिजली तार की चपेट में आने से मौत का शिकार हो गईं। जानकारी के मुताबिक विगत 8 अक्टूबर को कुम्हारी के लट्टी बाबा चौक निवासी संतोष यादव (पप्पू) की तीन भैंसें खारुन नदी किनारे स्थित एक फार्म हाउस में घास खा रही थी तभी वहीं पास ही विद्युत पोल से जमीन पर पड़े हुए तार की चपेट में आने से मौके पर पर ही तीनों भैसों की मौत हो गई। इसकी लिखित जानकारी संतोष यादव ने स्थानीय थाने और विद्युत विभाग को दे दी है। मामले में जांच जारी है।

## विजयादशमी उत्सव में हुआ शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संपूर्ण देश के सभी मंडल केंद्रों पर विजयादशमी उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में डौंडीलोहारा मंडल में शुक्रवार को विजयादशमी उत्सव, शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन संघ की गौरवशाली परंपरा और राष्ट्रभक्ति की भावना का अद्भुत संगम रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से प्रार्थना और मातृभूमि वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी राघवेंद्र नाथ मिश्रा ने की, वहीं मुख्य वक्ता के रूप में सह प्रांत कार्यवाह गोपाल यादव उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि "संघ केवल संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का सतत अभियान है। स्वयंसेवक समाज के प्रत्येक क्षेत्र में राष्ट्रहित में कार्य करते हैं। भारत का प्राचीन इतिहास गौरवशाली रहा है, और अब समय आ गया है कि हम सब मिलकर भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने का संकल्प लें। उन्होंने वर्तमान समय में समाज के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अपने कर्म, आचरण और सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में संघ के स्वयंसेवक अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, और समाज के हर वर्ग को इस दिशा में सहभागी बनना चाहिए। विजयादशमी उत्सव के अवसर पर पारंपरिक शस्त्र पूजन किया गया। इसके पश्चात पथ संचलन का आयोजन हुआ, जिसमें 122 गणवेशधारी स्वयंसेवक अनुशासित पंक्तियों में नगर भ्रमण पर निकले। संचलन के स्वागत में जगह-जगह मंच सजाए गए थे, जहाँ नगरवासी, व्यापारी, महिलाएँ और बच्चे तिरंगे झंडे और पुष्पमालाओं के साथ स्वयंसेवकों का स्वागत करते दिखाई दिए। संचलन मार्ग में सरस्वती शिशु मंदिर परिवार, भाजपा मंडल परिवार, राष्ट्र सेविका समिति की बहनें तथा नगर पंचायत के पार्षदगण ने मिलकर पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया। वातावरण 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम के सफल संचालन में नगर के सभी कार्यकर्ता, व्यापारी बंधु और नागरिकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। विजयादशमी उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन और एकता का प्रतीक बन गया।

## पूर्व छात्रों ने स्कूल में किया पौधरोपण और छात्रों को दिया मार्गदर्शन

# चम्मच-गोली व अंताक्षरी खेलकर की पुरानी यादें ताजा की





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गत दिनों आदर्श शासकीय उच्च माध्यमिक शाला के भूतपूर्व विद्यार्थी बेच सन 1972–1973 द्वारा बालाजी रिसोर्ट में 52 वर्षों के बाद पूर्व छात्र मिलन समारोह स्वर्ण जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिलन कार्यक्रम में सबसे पहले सभी मित्रें ने बिछड़े हुए कुछ मित्रें का स्वर्गलोक चले जाने एवं राष्ट्रपति सम्मानित शिक्षक अमृतदास को सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धाजंलि अर्पित की। उसके बाद सभी मित्रें ने अपना परिचय परिवार के साथ देते हुए अपने अनुभव साझा किए तथा सभी दोस्तों ने दोपहर के लंच पश्चात अपने स्कूल आदर्श शाउमाशा (अब स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय) पहुंचकर शाला प्रबंधन अरूण साहू के सहयोग से स्कूल प्रांगण में पौधरोपण किया। तत्पश्चात शाला प्रांगण में प्रार्थना स्थल पर शालेय बच्चों से मुलाकात कर उन्हें मार्गदर्शन कराते हुए अपने अनुभव बताए उस समय बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। 52 वर्ष पहले जिस स्कूल में सब सहपाठी पढ़ते थे, समय बिताते थे, सभी ने अपने क्लास रूम को देख कर तथा उस समय के टीचर्स को याद करते हुए सब रोमांचित हो उठे। उस दौरान सभी बच्चे ही बन गए थे। तत्पश्चात वहां से पुरानी यादें लेते हुए पुनरू वापस आए तथा सब सहपाठियों ने चम्मच गोली का खेल, एक दूसरे को टोपी पहनाने का खेल, अंताक्षणी के खेल में सभी ने भाग लिया। जितना समय सब साथ रहे स्कूल के बच्चे ही बनकर रहे, खुशी इस बात की है सभी मित्र, प्रतिभा संपन्न, सकारात्मक सोच के धनी, सेवाभावी, ईमानदारी से जहां रहे अपने जिले का नाम माता पिता का नाम रोशन करते हुए शानदार जिन्दगी जी रहे हैं।

सभी साथियों के सहयोग के साथ आयोजन को विशेष रूप से सफल, सुव्यस्थित, जानदार एवं शानदार बनाने के लिए रविकांत वर्मा, पुरूषोत्तम मंत्री, सुधीर ठाकुर, डॉ रमेश सुखदेवे, अर्पणा, श्याम सुंदर मंत्री, ब्रम्हदेव पटेल का साथियों द्वारा विशेष आभार व्यक्त किया गया। सभी साथियों ने कार्यक्रम को बहुत पसंद कर अपने वाले समय में इस प्रकार के आयोजन के लिए सहमति व्यक्त की। उर्जा से भरपूर होकर सभी ने अपने गंतव्य की ओर प्रत्थान किया।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक घायल, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मोटर सायकल के माध्यम से क्षेत्र से घुमकर वापस अपने घर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी, युवक के सिर में गंभीर चोट लगने से युवक की मौत हो गई। जिसके बाद युवक के पिता द्वारा अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया गया है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 106(1) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बाजगुडा थाना छुईखदान जिला खैरागढ–छुईखदान–गंडई निवासी खोरबाहरा दास जंघेल ने पुलिस को बताया कि 10 अक्टूबर को मेरा बडा लडका डरेन दास जंघेल अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी–08–एएल–0375 में ग्राम दमकसा डौण्डी क्षेत्र से घुमकर वापस घर ग्राम बाजगुडा आ रहा था करीब 11:30 से 12:30 बजे के बीच ग्राम नाहंदा पेट्रोल पंप के आगे फार्म हाऊस के पास मेन रोड के पास पहुंचा था उसी समय अज्ञात वाहन का चालक अपने वाहन को



लापरवाहीपूर्वक, उतावलेपन व खतरनाक ढंग से चलाते हुये मोटर सायकल क्रं. सीजी–08–एएल–0375 को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मेरे लडका के सिर में गंभीर चोंट आने से मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गया हैं।

## खबर संक्षेप

### विलंबित धान खरीदी से किसानों को होगा तीन गुना नुकसानः विधायक

**गुरूर।** विधायक संगीता सिन्हा ने कहा सरकार धान खरीदी को 1 नवंबर से प्रारंभ करे। सरकार ने 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने का निर्णय कैबिनेट मे लिया है, जो किसानों के साथ अन्याय है। विलंब से धान खरीदी करने से



किसानों को आर्थिक के साथ मानसिक व शारीरिक परेशानी होगी। संगीता सिन्हा ने कहा भाजपा सरकार में लगातार किसान परेशान है। खाद नही मिलने की समस्या पूरे सीजन में रही। खाद के लिए किसानों को संघर्ष करना पड़ा। आपस मे विवाद की स्थिति भी कई जगह बनी। किसानों को आंदोलन करना पड़ा। मौसम ने भी किसानों की कड़ी परीक्षा ली है। फसल पककर तैयार है। लेकिन लगातार बारिश से किसान धान की कटाई नही कर पा रहे है। अब सरकार धान खरीदी को 15 नवंबर से करने का निर्णय लेकर किसानों को परेशानी मे डाल रही है। संगीता सिन्हा ने कहा धान खरीदी विलंब से करने पर किसानों को तीहरा नुकसान होगा। फसल मिंजाई के बाद किसानों को धान को रखने की व्यवस्था करनी पड़ेगी। इसके लिए सुरक्षा एवं परिवहन की खर्च अतिरिक्त करना पड़ेगा। विलंब से धान बिक्री पर किसानों के पास पैसा विलंब से आएगा। किसानों को मजदूरो सहित अन्य कार्यो का भुगतान करना होता है। इससे उन्हे परेशानी होगी।

### अखिल भारतीय महापौर परिषद के नीरज पाल हुए सचिव नियुक्त

**भिलाई ।** नगर निगम के महापौर नीरज पाल को अखिल भारतीय महापौर परिषद के सचिव नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति मनोज गुप्ता ने अखिल भारतीय महापौर परिषद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष चेयरमेन रेणु बाला गुप्ता की कार्यकुशलता एवं दक्षता को देखते सचिव पद पर मनोनित किया गया है। यह मनोनयन उनके समर्पण, नेतृत्व क्षमता तथा नगरीय शासन क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए मनोनित किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर पूर्व ओएसडी मनीष बंछोर ने कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सशक्त हस्ताक्षर, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मजबूत सिपाही , हम सबके लाडले , इस्पात नगरी भिलाई के फौलादी लेकिन कोमल मन महापौर , भिलाई को छत्तीसगढ़ के मानचित्र में अलग ही पहचान दिलवाने वाले भाई नीरज पाल को ऑल इंडिया कौंसिल ऑफ मेयर संगठन के राष्ट्रीय सचिव बनाएं जाने पर बहुत बहुत बधाई अशेष शुभकामनाएं। माँ महामाया आपको उत्तरोतर उन्नति पथ पर अग्रसर करे।

### ईडी राकेश ने कॉन्ट्रैक्ट निर्माण पर किया संवाद

**भिलाई।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास केंद्र में राकेश कुमार द्वारा बीएसपी के 600 वरिष्ठ प्रबंधकों के साथ रणनीतिक संवाद सत्र आयोजित किया गया। राकेश कुमार ने कॉन्ट्रैक्ट ऑप्टिमाइजेशन, मैनपॉवर रिडक्शन तथा संसाधन उपयोग की अधिकतम दक्षता पर बल दिया । सत्रों का समापन सामूहिक स्वामित्व, निरंतर निगरानी और सक्रिय सहभागिता के आह्वान के साथ हुआ ।

## टाउनशिप व बीएसपी में व्याप्त समस्याओं का नहीं हो रहा निदान

# बीएसपी में मान्य यूनियन नहीं होने की कीमत चुका रहे हजारों कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में अब तक मान्यता यूनियन नहीं होने की कीमत हजारों कर्मचारियों को चुकानी पड़ रही है। टाउनशिप और प्लांट दोनों में व्याप्त कई समस्याओं का निदान नहीं होने से कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रबंधन से विभिन्न यूनियनों की चर्चा और आश्वासन हवा हवाई साबित हो रहा है। यूनियनों ने प्रबंधन से जल्द चुनाव करवाने की मांग की है । उल्लेखनीय है कि बीएसपी में आईडी एक्ट के तहत हर दो साल में मान्यता यूनियन का चुनाव होता है। सर्वाधिक सदस्यता साबित करने वाली यूनियन कर्मचारी व प्लांट के हितों को लेकर चर्चा करने के लिए अधिकृत होती है। लोकतांत्रिक जनाधार के चलते प्रबंधन मान्यता यूनियन की बात को गंभीरता से सुनता है और समस्याओं का समाधान भी करते है। लेकिन पिछले एक साल से यहां कोई यूनियन मान्यता में नहीं होने से टाउनशिप और प्लांट स्तर के अलावा वर्कर्स की कई समस्याएं काई की तरह जमी हुई हैं। इसकी वजह अब तक मान्यता यूनियन का चुनाव नही हुआ है । पिछली मान्यता यूनियन भिलाई इस्पात मजदूर संघ (बीएमएस ) का कार्यकाल एक साल पूर्व 24 सितंबर को समाप्त हो चुका है। इस दौरान सभी यूनियनें वर्कर्स की मांगों या समस्याओं को लेकर आए दिन प्रबंधन से मिलकर चर्चा तो करती हैं लेकिन आश्वासन के बाद भी अधिकतर का जमीनी निदान नही हो पा रहा है।

**दर्जनभर हैं यूनियन, लेकिन चर्चा और आश्वासन तक सिमटीं**

**टाउनशिप व प्लांट की समस्याएं बढ़ीं**

अलग खबर

पिछले एक साल के दौरान बीएसपी और टाउनशिप में कई समस्याएं निदान के लिए बाट जोह रही हैं। कर्मियों ने बताया कि टाउनशिप में बुनियादी सुविधाएं बदहाल हैं जिसके चलते रहवासी कर्मियों व परिवार को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जर्जर आवास, सफाई, सड़क, नाली,आवारा मवेशी आवारा कुत्तों का जमावड़ा, आए दिन बिजली गुल होना, पेयजल किल्लत आदि कई समस्याएं व्याप्त हैं। वहीं प्लांट में कैंटीन, जर्जर सड़कें, कैंटीन, रेस्टरुम, बारिश में जलजमाव, बोरिया गेट में ट्रैफिक, मैन पावर कम होने से वर्कर्स पर वर्कलोड,प्रमोशन विसंगति, बायोमेट्रिक में ठीक से उपस्थिति दर्ज नहीं होने, जेएलएन अस्पताल व हेल्थ सेंटरों में डाक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ व दवाइयों की किल्लत आदि कई तरह की समस्याओं से कर्मी व परिजन जूझ रहे हैं।



**बेअसर साबित हो रहीं दर्जनभर यूनियनें**

बीएसपी में दर्जनभर यूनियनों की मौजूदगी है। अधिकतर यूनियनें आए दिन विभाग प्रमुख से मिलकर समस्याओं के निदान की मांग व आश्वासन मिलने की विज्ञप्ति जारी करती हैं। हफ्ते पंद्रह दिन बाद फिर इन्हीं समस्याओं का उल्लेख होता है। कर्मियों ने बताया कि मान्यता यूनियन नहीं होने के कारण प्रबंधन किसी भी यूनियन को महत्व नहीं दे रहा है।

## डीपीआई ने शैक्षणिक व्यवस्था की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छःग द्वारा जिला शिक्षा अधिकारीयों के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित प्रदत्त निर्देश के परिपालन में शुक्रवार को जिले के समस्त की बैठक आहूत की गई।

बैठक में संचालक द्वारा दिए गए निर्देशानुसार गुणवत्ता, परख, अपार आईडी एवं यूडाईस प्रविष्टी के संबंध में विस्तर से समीक्षा की गई। जिले के द्वारा शिक्षा गुणवत्ता हेतु तैयार की गई कार्ययोजना को साझा करते प्रत्येक बिन्दु पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी प्राचार्यो ने कार्ययोजना अनुसार कर परीक्षा परिणाम को बेहतर करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में यह भी दिए गए कि शिक्षा गुणवक्ता के परिप्रेक्ष्य में किसी भी प्राचार्य एवं

- **वीडियो क्रॉन्फ्रेंसिंग में डीईओ सहित गठित अमला रहा**

शिक्षक की अनियमितता कतई बर्दाशत नहीं की जाएगी। गुणवत्ता सुधार एवं बेहतर परिणाम के जिले से विभिन्न मानिटरिंग दल का गठन कर नियमित प्रभावी मानिटरिंग की की गई है।

**मूलभूत समस्या नहीं मिल पा रही लोगों को**

सचिव देविंदर सिंह भाटिया ने कहा कि निगम रिसाली का कार्यकाल 80 प्रतिशत बीत गया और सिर्फ 1 वर्ष शेष है। जनता की मूलभूत समस्या के लिए कोई विजन नही है। नगर सरकार वार्ड में पेय जल आपूर्ति करवाने में विफल हो गई है । प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब से बीजेपी की सरकार ने "हर घर जल" जैसी बड़ी योजनाओं के नाम पर जनता को सिर्फ़ सपने दिखाए हैं। आज भी रिसाली के कई वार्डों में नल सूखे पड़े हैं। महिलाओं ने बताया कि टैंकर से मिलने वाला पानी बेहद गंदा आता है। उसमें कीड़े-मकोड़े, केंचुए और पत्थर तक मिलते हैं।इसी गंदे पानी के चलते पीलिया, डायरिया और त्वचा रोग जैसी गंभीर बीमारियां वार्डों में फैल रही हैं।महिलाओं ने कहा कि सरकार ने जल मीटर तो लगा दिए हैं, जो अब खराब हो चुके हैं।

## दियाबाती स्कूल में मनाया स्वर्ण जयंती समारोह

**गांव वालों के चंदे और श्रमदान से शुरू हुआ था स्कूल, बच्चे पा रहे हैं गांव में शिक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

शासकीय प्राथमिक शाला दियाबाती को 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती समारोह मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य संध्या अजेन्द्र साहू थी। अध्यक्षता जनपद पंचायत सदस्य तारा देवी ताम्रध्वज यादव ने किया। विशेष अतिथि सरपंच दर्रा पूजा ठाकुर, सेवानिवृत्त शिक्षक मोहन दास नवरंग, उच्च वर्ग शिक्षक नंदकुमार निषाद, ग्राम पटेल मनी राम साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति भीखम लाल साहू, लेखराम साहू एवं द्वारिका राम साहू वरिष्ठ नागरिक आदि ने अपने उद्बोधन में स्कूल के इतिहास एवं वर्तमान के बारे में अपना विचार दिए। ग्राम प्रमुखों ने बताया कि जब पहले गांव में स्कूल नहीं था तो पढ़ाई करने के लिए दूसरे गांव जाते थे। फिर शासन द्वारा 1975 को गांव में पढ़ाने के लिए शिक्षक नियुक्त तो कर दिए। लेकिन पढ़ाई करने के



**पूर्वजों के प्रयास से हुई थी स्कूल की स्थापना**

लिए स्कूल भवन नहीं था। उस समय पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ाई करते थे। फिर समस्त ग्राम वासी मिलकर चंदा इकट्ठा कर व श्रमदान करके गांव में स्कूल भवन का निर्माण किए। ताकि गांव के सभी बच्चों को गांव के स्कूल में प्राथमिक शिक्षा मिले। फिर बाद में शासन द्वारा स्कूल भवन स्वीकृत हुआ। तब से लेकर आज तक गांव के बच्चे गांव के प्राथमिक शाला में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं । इस तरह से स्कूल के प्रति अच्छे विचार एवं जन सहयोग की भावना आज भी गांव वालों में देखने को मिलता है। जिसका परिणाम है कि आज यह स्कूल बहुत ही सुंदर व आकर्षक है।

स्वर्ण जयंती के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला दियाबाती को फूल मालाओं व लड़ी से सजाया गया एवं स्कूल प्रांगण में स्थापित मां सरस्वती की मंदिर में पूजा अर्चना कर वृक्षारोपण भी किया गया। शाला में सेवा प्रदान किए शिक्षकों का एवं प्रथम वर्ष प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। तथा बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

इस कार्यक्रम में अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति पूर्णेश्वर साहू, उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति लीलाम्बर साहू, प्रधान पाठक भीषण लाल महमल्ला, सहायक शिक्षक उदय लाल साहू, शिक्षक संजय कुमार देशलहरे, प्रीतम साहू, चोवाराम गंगबेर एवं संकुल दर्रा के शिक्षक गण तथा शाला प्रबंधन एवं ग्राम विकास समिति के समस्त सदस्य एवं ग्रामवासीयों का सहयोग रहा।

## विद्यार्थियों की दीर्घायु और सफलता के लिए शिक्षिका ने रखा करवा चौथ का व्रत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के तत्वावधान में संचालित आनंद पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) की शिक्षिका नोम साहू ने अपने विद्यार्थियों के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए करवा चौथ का व्रत रखा। यह व्रत उन्होंने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्ण निष्ठा और श्रद्धा के साथ किया। सामान्यतः करवा चौथ का व्रत विवाहित महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए रखती हैं, किंतु शिक्षिका नोम साहू ने इसे एक अलग ही रूप दिया है। उन्होंने यह व्रत अपने विद्यार्थियों के उत्तम स्वास्थ्य, उज्ज्वल भविष्य और दीर्घ जीवन के लिए रखा। उनका यह भाव समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जो यह दर्शाता है कि शिक्षक केवल ज्ञान के दाता ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन में स्नेह और आशीर्वाद का सागर भी होते हैं। शिक्षिका नोम साहू का कहना है कि वे हर वर्ष यह व्रत बच्चों की सफलता और स्वस्थ जीवन की प्रार्थना के साथ रखती हैं, क्योंकि बच्चे ही उनके लिए परिवार का एक अभिन्न हिस्सा हैं। उनकी इस अद्वितीय पहल की सराहना सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के समस्त पदाधिकारियों, पालक सलाहकार समिति, स्कूल स्टाफ तथा विद्यार्थियों के अभिभावकों ने की। सभी ने शिक्षिका के इस त्याग, प्रेम और समर्पण भाव को अनुकरणीय बताया। सोसाइटी के सदस्यों ने कहा कि शिक्षिका नोम साहू ने शिक्षा क्षेत्र में मानवता और मातृत्व का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह पहल न केवल विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देती है कि शिक्षक और विद्यार्थी के बीच का संबंध केवल कक्षा तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह जीवन के हर मोड़ पर आशीर्वाद और प्रेरणा का रूप ले सकता है।

## स्वास्थ्य शिविर में 40 ग्रामीणों की हुई जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंडा में भारती आयुर्वेदिक हॉस्पिटल पुलगांव चौक दुर्ग के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर ग्राम पंचायत अंडा के सरपंच दिग्विजय सिन्हा के सहयोग से संपन्न हुआ।इस शिविर में हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डाक्टरों की उपस्थिति रही। जिसमें डॉ राकेश कुमार, डॉ नेहा वर्मा, डॉ सरिता सोलंकी, डॉ दीपमाला, डॉ एकता तथा वहा के इंटर्न डॉ रोशनी,डॉ सिंधु, डॉ योगिता, डॉ अमित, डॉ ज्योति,डॉ कुलेश्वर एवं हॉस्पिटल के स्टाफ नर्स दामिनी और चंद्रकांता तथा हॉस्पिटल के कंप्यूटर ऑपरेशन नेमन लाल, पंचायत कर्मचारी एमन चन्द्राकर सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।इस शिविर में पुराने घुटने से संबंधित , लंबे समय से कमर में दर्द, बीपी, शुगर, सीने में दर्द, गैस जैसे अन्य समस्याओं का जांच किया। ग्राम अंडा तथा आसपास के 40 ग्रामीणों ने जांच कराई और इस शिविर का लाभ उठाया।

## परसदा दशहरा में शामिल हुए विधायक चन्द्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

ग्राम परसदा (डगंनिया) में रजत जयंती शाही दशहरा में शामिल राम राज युवा संगठन द्वारा भव्य स्वागत प्रदर्शन किया गया, जिसमें लड़कियों द्वारा श्री राम जन्मोत्सव, धनुष यज्ञ श्री राम बारात स्वागत, विवाह उत्सव द्वारा किया गया। रावण के साथ-साथ बुराई के प्रतीक कुंभकरण और मेघनाथ का भी पुतला जलाया गया जय श्री राम के नारे के साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश अब बुराइयों को खात्मे का संकल्प लिया गया ग्राम परसदा (डगंनिया) में बुराई के प्रतीक रावण दहन किया गया। रामलीला मंडली के कलाकारों द्वारा राम रावण के बीच



संवाद और युद्ध का मंचन किया गया। इस मौके पर जमकर आतिशबाजी किया गया। ग्राम परसदा (डगंनिया) में आयोजित दशहरा महोत्सव में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुआ।और प्रभु श्रीरामचंद्र जी की पूजा-अर्चना कर उनका पवित्र आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अतिथि गण भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरूषोत्तम चन्द्राकर, ओटेबंद भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, सरपंच सत्यवती साहू, उपसरपंच हिलेशवर साहू, सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने वाले श्री योगेश साहू, धनश्याम साहू, लिलेश्वर साहू, राहुल शर्मा, उमाशंकर, अज्जू, अनिल, सोमदत्त टंडन, लक्की सिरमौर ,सोनल,मेधदत, गुलशन,मिलेश, मनीष, तुषार,मानू चंद्राकर, रामप्रकाश, वरूण, ईश्वर इत्यादि शामिल हुए इन सबके सहयोग से आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

## पांचों जोन के उद्यानों को संवार रहा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नपा निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित सेक्टर 10 ममता उद्यान, सेक्टर-5 ट्रैफिक पार्क, सेक्टर-2 तालाब उद्यान, करतार सिंह उद्यान, हुड़को स्थित सुभाष उद्यान, एम आई जी अमृत उद्यान, सेक्टर-7 स्थित सड़क आठ नौ उद्यान, सेक्टर-7 तालाब उद्यान, अंडर ब्रिज उद्यान, प्रियदर्शनी परिसर सुभाष चंद्र बोस उद्यान, बाल उद्यान, नेहरू नगर भेलवा तालाब उद्यान, मिलेनियम पार्क, महाराणा प्रताप उद्यान, अशोक उद्यान, शिवाजी उद्यान, गांधी उद्यान, एवं अन्य उद्यानों में पेड़ो के बिखरे हुए डालियों एवं घॉस कटाई का कार्य किया जा रहा है। अधिक वर्षा होने के कारण पाथवे में काई जम गया है, जिसे ब्लीचिंग पाउडर डालकर साफ किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नगर निगम भिलाई के पांचो जोन क्षेत्र के उद्यानों में नियमित एवं प्लेसमेंट के कर्मचारी लगाए गए है। उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू के नेतृत्व में प्रतिदिन उद्यान कर्मचारी साफ-सफाई एवं ग्रास कटिंग का कार्य कर रहे हैं। उद्यानों के भीतर रोपित पौधो में आवश्यकतानुसार पानी सिंचाई करते हुए खाद डाला जा रहा है।

## परसदा स्कूल में सामाजिक अंकेक्षण व न्योता भोज का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

सामाजिक अंकेक्षण गुणवत्ता दिवस परसदा (डंगनिया) मुख्य मंत्री शिक्षा गुणवत्ता दिवस के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण शास, उच्च प्राथमिक शाला परसदा (डंगनिया) में आयोजन किया गया था। बच्चों के गुणवत्ता के लिए चयनित पांच सदस्यीय टीम द्वारा निर्धारित बीस बिन्दुओं पर विद्यार्थी से प्रश्न पूछे गए।। आंकलन अधिकारी युवराज सिंह साहू, नरेश उहिके प्र पा पांगरी, सत्यवती साहू सरपंच, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नीलांबर साहू, ग्राम प्रमुख लाला राम साहू, शिक्षा वृद्ध गजाधर प्रसाद साहू, विनोद कुमार साहू, एवं समस्त स्टॉफ गण के उपस्थिति में कौशल विकास, प्रश्नोत्तरी, हिंदी, अंग्रेजी, में पुस्तक वाचन, सारांश, गणितीयकी संक्रय, पहाड़ा, मानचित्र, ग्लोब, के आधार पर प्रश्न पूछे।। साथ ही न्योता भोजन श्री देवेंद्र देवांगन सर जी के द्वारा दी गई। यह कार्यक्रम शिक्षक,पालक, विद्यार्थी के लिए एक प्रेरणा दायी साबित होगा।हम सब समस्त ग्राम वासी शाला परिवार परसदा डंग शासन की हर्ष उल्लास के साथ आभार व्यक्त करते हैं।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



### राशन दुकान का उद्घाटन में सरपंच और ग्रामीण हुए शामिल

**गुरूर।** ग्राम दानीटोला में राशन दुकान का उद्घाटन संपन्न हुआ। जिसमें सरपंच, उप सरपंच पांच और गांव के मुखिया विश्राम सिंह नेताम, देव सिंह सेन और गांव के अन्य लोग सभी शामिल हुए। जिसमे सरपंच त्रिभा अश्वनी बंजारे, उपसरपंच युवराज साहू, पंच हरिशचन्द साहू, अहिल्या बाई नेताम, त्रिवेणी साहू, बिन्दिया साहू, आशा सिन्हा, लोके"वर लावत्रे, नीलम नेताम, भोजबाई, लक्ष्मी कतलाम, कुसुम बंजारे, अगेश्वरी ठाकुर, एकता गोस्वामी, गोमती सोरी, मिनाक्षी मण्डावी, भूशणपुरी गोस्वामी, जयराम कुंजाम, मीना उईके उपस्थित थे।

### योग पर विशेष व्याख्यान आज

**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में सन्यासी स्वामी नरेन्द्र देव महाराज का व्याख्यान 11 अक्टूबर दोपहर 2 बजे से आयोजित है। योग गुरु स्वामी रामदेव के शिष्य और छत्तीसगढ़ पतंजलि संगठन, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के संयोजक स्वामी नरेंद्र देव का व्याख्यान डॉ हेडगेवार सदन में होगा। प्राचार्य पीएल बारले ने यह जानकारी दी।

### दौड़ेंगे हम, तैरेंगे वो मैराथन 12 को

**अंडा।** अंडा में 12 अक्टूबर को सुबह 7 बजे से लक्ष्य मैदान में एक प्रेरणादायक आयोजन 'दौड़ेंगे हम, तैरेंगे वो' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम फ़्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी द्वारा आयोजित है, जिसमें ग्राम पंचायत अंडा, लक्ष्य मैदान अंडा एवं स्व. भारत लाल देशमुख स्मृति क्रीड़ा संस्थान का सहयोग रहेगा। मैराथन का उद्देश्य बच्चों के तैराकी सपनों को पंख देना और युवाओं में फिटनेस व खेल भावना को प्रोत्साहित करना।

### कृष्णा साहू बने उपाध्यक्ष

**बोरी।** ग्राम नवागांव पुरदा मे ग्रामीण साहू समाज की बैठक में कृष्णा साहू ने उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ कर विजय प्राप्त की। चुनाव कराने के लिए परिक्षेत्रीय साहू संघ के अध्यक्ष डेरहा राम साहू पहुंचे थे। चुनाव प्रक्रिया समाज पार से हुई। जिसमे नवागांव में पांच पार में 10 लोगो को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष चयन किया गया। ग्रामीण साहू समाज मे अध्यक्ष पद के लिए रामेश्वर साहू को निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए चयन किया गया उपाध्यक्ष के लिए दो उम्मीदवार थे। कृष्णा साहू को 8 और विपक्ष को 2 वोट प्राप्त हुए। बता दे कि कृष्णा साहू इससे पहले भी ग्रामीण साहू समाज उपाध्यक्ष तथा परिक्षेत्रीय साहू संघ पुरदा के युवा संयोजक रह चुके हैं।

**प्रवचन : स्वामी नरेंद्र देव ने छात्रों को दिया सफलता का मंत्र**

# सूर्योदय से पहले जागना और गुरु-माता-पिता की बातों का करना चाहिए पालन : स्वामी नरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में तन और मन का साधना है योग विषय पर शनिवार को योग गुरु स्वामी रामदेव महाराज के शिष्य सन्यासी स्वामी संयोजक, छत्तीसगढ़ पतंजलि संगठन, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार नरेन्द्र देव जी महाराज मोटिवेशनल विशेष व्याख्यान उद्धृत हुए।

इस अवसर पर पतंजलि समिति दुर्ग जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल अतिथि दीर्घा में मंचासिन रहे। मंच पर पतंजलि योगसन राज्य प्रभारी जयंत भारती, जिला प्रभारी नरेंद्र पटेल योगासन स्पोर्ट्स जिला अध्यक्ष उद्धव साहू पाटन ब्लॉक प्रभारी लालाराम वर्मा, 74 वर्षीय हैरत अंगेज योगासन विधा एक्सपर्ट तुलाराम वर्मा, ब्लॉक योग समिति संरक्षक आसकरण जैन, विद्यालय अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, अंतराष्ट्रीय योग खिलाड़ी धीरेन्द्र वर्मा मंचासिन रहे। स्वामी जी द्वारा बताए गए बातों का तुरंत प्रस्तुति करण पर स्वामी जी ने छात्र साहिल साहू जामगांव आर को पुरस्कृत किए।



**विद्यार्थी अच्छी मंजिल पाने के लिए पंच लक्षण का ध्यान रखे-** स्वामी नरेंद्र देव ने कहा कि मोबाइल में समय बर्बाद करने वालो को मंजिल नहीं मिलती विद्यार्थी काक चेष्टा बको ध्यानम श्वान निंद्रा तर्थेव च अल्पाहारी गृह त्यागी विद्यार्थी पंच लक्षणम के मूल मंत्र को अपनाए और पढ़ाई में ऐसा स्वर्णिम इतिहास रचे की मोबाइल और गाड़ी आपका चक्कर लगाए। स्वामी जी ने काम क्रोध स्वाद लोभ श्रृंगार कौतुकी अति भोजन अतिनिंद्रा से विधार्थियो को बचने की सलाह दिए। विद्यार्थी चरित्र निर्माण में महती भूमिका निभाए। इससे तन और मन की साधना बलवती होगी। इस



योग से प्रसन्नचित जीवन मिलेगा जो सबकी चाहत होती है। सर्व विदित है कि विद्वान विन्रम होते है जो दिखते साधारण है किन्तु काम बड़े असाधारण करते है।

**सूर्योदय से पहले जागना और देर रात तक नहीं जागना चाहिए-** सन्यासी स्वामी नरेंद्र देव महाराज ने कहा कि विद्याथएँ जीवन होनहार मानव जीवन की आधारशिला रखने का पूर्णतः उपयुक्त समय होता है। इस अवधि में विद्याथएँ तन और मन की साधना कर ले योग स्वमेव प्रगट हो जाता है मंजिल की राह खुद ब खुद निकलने लगती है।प्रवीण्य सूची में आने वाले विद्याथएँ योग साधक ही है मंजिल प्राप्ति के लिए वे काफी सजग होते है। स्वामी जी ने कहा कि जो बच्चे सूर्योदय से पहले उठते है देर रात तक नहीं जागते है भोजन और भजन पर सजग रहते है माता पिता गुरु की बातों को गंभीरता से सुनकर पालन करते है।वे होनहार भविष्य के रचयिता बनकर स्वर्णिम इतिहास लिखते है।

**इनकी विशेष उपस्थिति रही-** योग शिक्षक रामवतार चंद्राकर, महेंद्र साहू, मधुसूदन किशोर, रूपेश कुमार, प्राचार्य पूरनलाल बारले, उप प्राचार्य लिकेश्वर साहू, हथेश्वर साहू, परमानंद टंडन, धनेश्वरी साहू, प्रीति साहू, दिव्या चंद्राकर, डॉमिन साहू, दीपिका साहू, सुनीता सेन, कविता साव विशेष तौर पर उपस्थित थे।

## आयुष विश्वविद्यालय की टॉप टेन में चंदखुरी की छात्राएं शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित प्रथम व्यावसायिक पाठ्यक्रम की परीक्षा में राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय चंदखुरी की छात्रा शारदा साहू ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ से संलग्न दो शासकीय एवं चार निजी क्षेत्र के महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। प्रथम व्यावसायिक पाठ्यक्रम के परीक्षा परिणाम की टॉप टेन की सूची में राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय चंदखुरी की प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा शारदा साहू ने बताया कि महाविद्यालय में शत प्रतिशत नियमित शिक्षक होने एवं उच्च स्तर की पढ़ाई होने से एवं शिक्षक तथा प्रबंधन द्वारा सतत शिक्षण कार्य की निगरानी के परिणाम स्वरूप प्रथम स्थान प्राप्त कर पाई, क्रमशः हेमकुमारी ने तृतीय स्थान, शोएफ अख्तर ने चतुर्थ स्थान, लुम्बिनी जोशी ने षष्टम स्थान, पायल पटेल ने नवम् स्थान तथा लीशा देवांगन ने दशम् स्थान प्राप्त किया।



ऑल इंडिया कोटे के तहत प्रवेशित असम राज्य के छात्र शोएफ अख्तर ने बताया कि जब उन्होंने राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय में प्रवेश लिया तो उन्हें भाषा संबंधी समस्या हुई लेकिन महाविद्यालय के शिक्षक एवं प्रबंधन द्वारा पूर्ण सहयोग एवं उत्साहवर्धन किया गया जिसके परिणाम स्वरूप उन्होंने विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा में टॉप टेन में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या ने सभी को बधाई दी तथा कहा कि छः छात्र-छात्राओं ने प्रावीण्य सूची के टॉप टेन में स्थान बना कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया हैं।

### तहसील साहू संघ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आज

**डोंडी।** तहसील साहू संघ डोंडी के अंतर्गत आने वाले सभी सातों परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का शपथ ग्रहण एवं प्रमाण पत्र वितरण तथा निर्वतमान पदाधिकारी का सम्मान समारोह रविवार को ग्राम चिखली के सामाजिक भवन में 12 बजे से होगा। तहसील अध्यक्ष सोमेश साहू ने बताया कि इस शपथ ग्रहण समारोह में लिमहा टोला परिक्षेत्र भर्री टोला घोटिया गुजरा कुसुमकसा चिखली और मंगलतराई परिक्षेत्र के सामाजिक पदाधिकारी का सम्मिलित होंगे।

## अखंड सौभाग्य और पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने की चंद्रदेव की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं द्वारा करवा चौथ का व्रत रखा गया। जिसके तहत रात को चांद निकलने के बाद महिलाओं द्वारा चांद के साथ पति की पूजा अर्चना की गई।

जहां रात को निकला चांद कुछ समय तक दर्शन देने के बाद काले बादलो के बीच छिप गया जिसके बाद घने काले बादलो के बीच चांद कुछ हद तक ही नजर आ रहा था। वही चांद निकलते ही व्रत रखी महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना कर लिया गया था। इस दौरान सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत रखते हुए हाथो मे मेहंदी लगाने के साथ रात के पूजा की तैयारियों मे लगी रही। जहां महिलाओं के साथ कई पुरुष अपनी पत्नीयो के लिए उनके साथ व्रत रखते हुए दिखे।

वही चांद निकलने के बाद घरो के छतो मे चढ़कर महिलाएं भगवान चन्द्रदेव की पूजा अर्चना के बाद छलनी से चन्द्रदेव को देख अपने पति को छलनी से देखी और पूजा अर्चना करती दिखी। वही पूजा अर्चना के बाद पतियो द्वारा दिन भर निर्जला व्रत रखी पत्नीयो को पानी पिलाकर उपवास तोड़ा गया। करवा चौथ पर चंद्रमा की पूजा करने की एक मान्यता ये भी कहती है कि



चंद्रमा शाश्वत चक्र और पुनर्जन्म से जुड़ा है, इसलिए महिलाएं इसे अखंड सौभाग्य का प्रतीक मानकर इस दिन चंद्रमा की पूजा करके ही व्रत का पारण करती हैं एक अन्य मान्यता के अनुसार कहा जाता है कि भगवान श्री गणेश ने एक बार चंद्रमा को श्राप दिया था, उन्होंने कहा था कि जो कोई भी उसे सीधा देखेगा उसे कलंक और दोष का सामना करना पड़ेगा, इसलिए करवा चौथ के दिन महिलाएं छलनी से चांद को देखती हैं और फिर अपने पति का चेहरा देखकर व्रत का पारण करती हैं। हिंदू धर्म में चंद्रमा को एक दिव्य शक्ति के रूप में माना जाता है और चंद्रमा मन की शांति, सुकून और स्थिरता का प्रतीक होता है, कहते हैं कि करवा चौथ के दिन व्रत करने के बाद अगर चंद्रमा की पूजा की जाती है, तो इससे व्रत करने वाली महिला और उनके परिवार को मन की शांति मिलती है, इतना ही नहीं करवा चौथ के चांद को वैवाहिक जीवन में समृद्धि लाने का प्रतीक माना जाता है, कहते हैं कि चंद्रमा की पूजा करने से पति की उम्र लंबी होती है, साथ ही परिवार में सुख और शांति बनी रहती है और धन की कमी भी नहीं होती है। करवा चौथ पर चंद्रमा की पूजा क्यों की जाती है, सूर्य की क्यों नहीं, तो हिंदू परंपराओं के अनुसार सूर्य को शक्तिशाली देवता के रूप में माना जाता है।

## परिक्षेत्रीय साहू संघ का चुनाव, पारखत बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

परिक्षेत्रीय साहू संघ जामगांव आर के त्रिवार्षिक चुनाव 2025 का मतदान साहू सदन जामगांव आर में शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें पारखत साहू अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए एवं जैक्स उनके नेतृत्व में गठित पैनल ने बहुमत से विजय प्राप्त की। उपाध्यक्ष पद पर बेनीराम साहू एवं भानुप्रिया साहू निर्वाचित हुए हैं, वहीं संगठन सचिव पद पर लोकेश साहू एवं त्रिवेणी साहू ने जीत दर्ज की। मतगणना समाप्त होने के बाद मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक गंगादीन साहू ने परिणाम घोषित किया। चुनाव परिणाम घोषणा के बाद समर्थकों में उल्लास का वातावरण बन गया। विजयी प्रत्याशियों को समाजिक पदाधिकारियों



ने बधाई दिया। नव निर्वाचित अध्यक्ष पारखत साहू ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज में बहुत सारी चुनौतियां है। आपने सेवा करने का अवसर दिया है। जिसे सामाजिक नियमावली की पालन करते हुए समाज की एकता, प्रगति और सहयोग की भावना से संगठन को नई दिशा देने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू, महासचिव खेमलाल साहू, पुरन लाल साहू, लालेश्वर साहू, अश्वनी साहू, धनराज साहू, कमलेश्वरी साहू, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, किशोर साहू, मोहन साहू, गरीब दास साहू, किशन हिरवानी,डॉ यशवंत साव, डॉ गुलाब साहू, चंद्रिका साहू, सरिता साहू, रामनारायण साहू, मनीष साहू, जनपद सदस्य दिनेश साहू, ज्योतिप्रकाश साहू, हरिशंकर साहू, रविशंकर साहू, गोपेश साहू, हिमाचल साहू, रामाधार साहू, कामता साहू, डॉ सुरेश साहू, संतोष साहू, मूलचंद साहू, बलराम साहू, आनंद चंदन, द्वारिका साहू, योगेन्द्र साहू, भुनेश्वरी साहू, मीना साहू, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दिवंगत पत्रकार के बच्चों की स्कूल फीस जमा कराई

**भिलाई।** हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह ने फिर एक बार अपने किए गए वायदे को निभाया है। उन्होंने बीते 5 अक्टूबर को शहर के दिवंगत पत्रकार संतोष यादव के अंतिम संस्कार के बाद आयोजित शोकसभा में उनके दोनों बच्चों के स्कूल फीस जमा कराने की घोषणा की थी। उन्होंने यूथ सिख सेवा समिति के माध्यम से संतोष यादव की पुत्री अदिति और पुत्र आदित्य के स्कूल फीस 40 हजार 600 रुपए का चेक जारी कर दिया। उल्लेखनीय है कि विगत 3 अक्टूबर को भिलाई-3 के बजरंग पारा निवासी वरिष्ठ पत्रकार संतोष यादव का 51 वर्ष की उम्र में हृदयाघात से निधन हो गया है।

### विकास कार्य के लिए 2 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद विजय बघेल द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन जिला दुर्ग द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पाटन अंतर्गत घसिया ठाकुर घर के बाजु में सामुदायिक केंद्र, कम्युनिटी हॉल, छतयुक्त चबूतरा निर्माण हेतु 2 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

NABH Entry Level
ओम हॉस्पिटल
मूत्र एवं किडनी रोग विभाग
• गुर्दे का कैंसर • गुर्दे की पथरी
• मूत्राशय का कैंसर • पुरुष बाँझपन
• मूत्रनली की पथरी • अंडकोष का कैंसर
• पेशाब में जलन होना पेशाब में रूकावट
• लिंग कैंसर • सेक्स सम्बन्धी समस्याएं
• गुर्दे की सूजन व इन्फेक्शन
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
ओम डेन्टल हॉस्पिटल, समता कॉलोनी,रायपुर (छ.ग.) मो. 8305948040
#Rajesh

PUNJAB JEWELLERS
SINCE 1980
ये रिश्ते अनमोल हैं
महाबचत ऑफर
10 अक्टूबर से दिवाली तक
इस दीपावली, पंजाब ज्वेलर्स लेकर आया है
सोने जैसी बचत का सुनहरा मौका!
10 ग्राम सोने की ज्वेलरी खरीद पर ₹ 5,000 की बचत!
100 ग्राम सोने की ज्वेलरी खरीद पर ₹ 50,000 की बचत!
शादी की खरीदारी हो या त्यौहार की तैयारी,
हर खरीद पर पाएँ,
बड़ी बचत का सुनहरा मौका
पंजाब ज्वेलर्स
सदर बाजार, हलवाई लाइन (मेन सराफा), रायपुर ✆ 9174198000
सदर बाजार, हलवाई लाइन (गोल बाजार के पास), रायपुर ✆ 9171498000
हमारा नया शोरूम - कचहरी चौक, एस बी आई बैंक के बगल में, रायपुर ✆ 9285100021